भारत सरकार | **लोक सभा**
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय | **अतारांकित प्रश्न सं. 262**
वाणिज्य विभाग

दिनांक 04 फरवरी, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

भारतीय विदेश व्यापार संस्थान की स्थिति

262. श्री तंगेला उदय श्रीनिवास:

क्या **वाणिज्य एवं उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) काकीनाडा में भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (आईआईएफटी) के स्थायी परिसर के निर्माण कार्य की प्रगति की वर्तमान स्थिति क्या है और कार्य के पूरा होने की प्रगति और इसे पूरा करने की संभावित समय-सीमा का ब्यौरा क्या है;

(ख) आईआईएफटी काकीनाडा परिसर के निर्माण हेतु सरकार द्वारा आबंटित, जारी की गई और उपयोग की गई निधि का ब्यौरा क्या है और बजट का अलग-अलग ब्यौरा क्या है;

(ग) आईआईएफटी काकीनाडा परिसर में प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए कितनी सीटें उपलब्ध हैं और प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए वर्तमान बैच में कितनी सीटें भरी गई है;

(घ) क्या सरकार ने आईआईएफटी काकीनाडा परिसर की स्थापना और संचालन के लिए किन्हीं औद्योगिक साझेदारों के साथ सहयोग किया है और यदि हां तो इन सहयोगों का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) स्थायी परिसर के पूरा होने की संभावित तिथि क्या है और इसे समय पर पूरा किया जाना सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री जितिन प्रसाद)

(क) से (ङ) : भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (आईआईएफटी), काकीनाडा, आन्ध्र प्रदेश के स्थायी परिसर के सभी भवनों के संरचनात्मक कार्य पूरे हो चुके हैं और 80% तक फिनिशिंग संबंधी कार्य पूर्ण हो चुके है। इलेक्ट्रो मैकेनिकल, ऑडियो वीडियो और नेटवर्किंग आदि का विकास कार्य व प्रापण एवं स्थापना का कार्य प्रारंभ हो चुका है। समयसीमा के अनुसार, कार्य पूरा होने की तिथि दिसंबर, 2025 है।

परियोजना के निर्माण की अनुमानित पूंजी लागत 229.81 करोड़ रुपये है। दिनांक 2 दिसंबर, 2022 को आयोजित एसएफसी बैठक में अनुमोदित वित्तीय मॉडल के अनुसार, पूंजीगत व्यय भारत सरकार और आंध्र प्रदेश राज्य सरकार द्वारा 50:50 के अनुपात में वहन किया जाएगा। प्रत्येक सरकार द्वारा आबंटित 114.90 करोड़ रुपए की राशि की तुलना में भारत सरकार ने अब तक 51.90 करोड़ रुपए

और आन्ध्र प्रदेश सरकार ने 20.40 करोड़ रुपए जारी किए हैं तथा जारी की गई 72.30 करोड़ रुपए की संपूर्ण राशि का उपयोग किया जा चुका है।

वर्तमान में, जवाहरलाल नेहरू प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, काकीनाडा द्वारा प्रदत्त अवसंरचना में अस्थायी परिसर से प्रबंधन में पांच वर्षीय एकीकृत कार्यक्रम (बिजनेस एनालिटिक्स और इंटरनेशनल बिजनेस) नामक केवल एक पाठ्यक्रम परिचालित है। वर्ष 2024-25 के लिए अनुमोदित कुल 60 सीटों (छात्रों) पर प्रवेश की तुलना में 46 सीटें भर गई हैं।

आईआईएफटी, काकीनाडा परिषद की स्थापना के लिए पूंजीगत व्यय संयुक्त रूप से भारत सरकार और अन्ध्र प्रदेश सरकार द्वारा वहन किया गया है।

कार्यों की गुणवत्ता और परियोजना को समय पर पूरा करना सुनिश्चित करने के लिए आईआईएफटी और वाणिज्य विभाग द्वारा नियमित अंतरालों पर परियोजना की निगरानी की जाती है।

*****